# Chapter 6

## bihar board 9 class civics solutions – लोकतांत्रिक अधिकार

## लोकतांत्रिक अधिकार

**प्रश्न और उत्तर**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन मौलिक अधिकार नहीं है।**
(क) समानता का अधिकार ।
(ख) विदेश में घूमने का अधिकार ।
(ग) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार ।
**उत्तर**-(ख) विदेश में घूमने का अधिकार ।

**प्रश्न 2. मौलिक अधिकारों के रक्षक के रूप में कौन कार्य करता है ?**
(क) राष्ट्रपति
(ख) प्रधानमंत्री
(ग) सर्वोच्च न्यायालय
(घ) सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय ।
**उत्तर**-(घ) सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय ।

**प्रश्न 3. किस अधिकार को मूल अधिकारों की श्रेणी से निकाल दिया गया है।**
(क) समता का अधिकार
(ख) स्वतंत्रता का अधिकार
(ग) सम्पत्ति का अधिकार
(घ) जीवन का अधिकार
**उत्तर**-(ग) सम्पत्ति का अधिकार ।

**प्रश्न 4. आपातकाल में नागरिकों के मौलिक अधिकार ।**
(क) स्थगित किए जाते हैं।
(ख) समाप्त किए जाते हैं।
(ग) इसके बारे में संविधान मौन है।
(घ) निरर्थक हो जाते हैं।
**उत्तर**-(क) स्थगित किए जाते हैं

**प्रश्न 5. इनमें से कौन-सी स्वतंत्रता भारतीय नागरिकों को नहीं है-**
(क) सरकार की आलोचना की स्वतंत्रता ।
(ख) सशस्त्र विद्रोह में भाग लेने की स्वतंत्रता।
(ग) सरकार बदलने के लिए आंदोलन शुरू करने की स्वतंत्रता ।
(घ) संविधान के केन्द्रीय मूल्यों का विरोध करने की स्वतंत्रता ।
**उत्तर**-(ख) सशस्त्र विद्रोह में भाग लेने की स्वतंत्रता ।


https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 6. भारत का संविधान इनमें से कौन-सा अधिकार देता है-**
(क) काम का अधिकार
(ख) निजता का अधिकार
(ग) अपनी संस्कृति की रक्षा का अधिकार
(घ) पर्याप्त जीविका का अधिकार ।
**उत्तर**-(ग) अपनी संस्कृति की रक्षा का अधिकार ।

**प्रश्न 7. दोनों में से कौन धार्मिक स्वतंत्रता की सही व्याख्या करता है?**
(क) प्रत्येक व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार किसी भी धर्म को अपनाकर उसका प्रचार करने की स्वतंत्रता है।
(ख) अगर किसी धर्म विशेष के द्वारा कोई शैक्षिक संस्था चलाई जाती है तो उसे आजादी है कि वह किसी अन्य धर्म के माननेवालों का उसमें प्रवेश नहीं दे ।
**उत्तर**-(क) प्रत्येक व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार किसी भी धर्म को अपनाकर उसका प्रचार करने की स्वतंत्रता है।

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से नागरिकों का स्वतंत्रता संबंधी अधिकार कौन है ?**
(क) हथियार सहित सभा करने की स्वतंत्रता ।
(ख) सरकार के विरुद्ध षडयंत्र करने की स्वतंत्रता ।
(ग) भाषण तथा विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता ।
(घ) विदेश में घूमने की स्वतंत्रता ।
**उत्तर**-(ग) भाषण तथा विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता ।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से प्रत्येक के बारे में बताएँ कि वह सही है या गलत-**
(क) भारत में अधिकारों की रक्षक न्यायपालिका होती है।
(ख) हमें सिर्फ अपने परम्परागत पेशा को चुनने का अधिकार है।
(ग) हमें सिर्फ उसी प्रदेश में रहने का अधिकार है जिसमें हमने जन्म लिया है।
(घ) विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब किसी भी व्यक्ति को कुछ भी बोल देने के अधिकार से है।
**उत्तर**-(क) सही।
(ख) गलत ।
(ग) गलत ।
(घ) गलत ।

**प्रश्न 10. अपने राज्य में मानवाधिकार आयोग को एक पत्र लिखें जिसमें हाल में ही घटे एक मानवाधिकार के उल्लंघन का मामला उठाएँ।**
**उत्तर–**
सेवा में,
अध्यक्ष महोदय
(बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना)
विषय मानवाधिकार मामलों का उल्लंघन
महाशय,
निवेदन है कि हमारे गाँव में एक निरपराध व्यक्ति की हत्या पुलिस के द्वारा कर दी गई। वह भी मात्र शक के आधार पर । उस परिवार का वही पालनकर्ता था। उसके चले जाने से उस व्यक्ति के परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। इस बाबत जिला प्रकोष्ठ से
संपर्क भी मैंने किया था जिसका कोई साकारात्मक परिणाम हमारे सामने नहीं आया है। इस मृत व्यक्ति तथा


https://www.evidyarthi.in/

उसके परिवार की स्थिति को ध्यान में रखकर आपकी संस्था से संज्ञान अगर लिया जायेगा तो ऐसी किसी भी घटना को कभी पुलिस के द्वारा अंजाम नहीं दिया जा सकेगा।
अतः श्रीमान से निवेदन है कि उपरोक्त मामलों के परिप्रेक्ष्य में जरूर कार्रवाई की जायेगी। इस आशा के साथ आपको मेरा सत्-सत् नमन।
आपका मानवाधिकारी सहभागी
राजीव कुमार
पता-c/o गुलबीघाट
महेन्द्रू, पटना-6

**प्रश्न 11. निम्नलिखित स्थिति को पढ़ें और प्रत्येक स्थिति के बारे में बताएँ कि उसमें किस मौलिक अधिकार का उपयोग या उल्लंघन हो रहा है और कैसे?**
(क) सुनीता दफ्तर में नौकरी के लिए आवेदन देने गयी। वहाँ उसका आवेदन इसलिए अस्वीकृत कर दिया गया क्योंकि वह एक महिला है।
(ख) सरकारी नीतियाँ की आलोचना करने वाले एक पुस्तक पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
(ग) उड़ीसा के लोग बिहार में अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रचार के लिए सांस्कृतिक संस्था चलाते हैं।
**उत्तर**-(क) सुनीता चूँकि एक महिला है इसलिए उसके साथ समानता के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है। क्योंकि इस प्रकार के भेदभाव को संविधान इजाजत नहीं देता है।
(ख) इस मामले में विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है। क्योंकि इसके तहत लोगों को सरकार की आलोचना करने का अधिकार है।
(ग) इस मामले में सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक अधिकार का पालन किया जा रहा है। जिसके तहत लोग कहीं भी रहें उन्हें अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रचार के लिए सांस्कृतिक संस्था चलाने का अधिकार है।

**प्रश्न 12. क्या आप मानते हैं कि नीचे लिखी स्थितियाँ स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रतिबंधों की माँग करती है। अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दें।**
(क) शहर में दंगे के समय लोग हथियार सहित जुलूस निकालना चाहते हैं।
(ख) रमेश एवं सुरेश वैसे इलाकों में जाना चाहते हैं जो सैनिक दृष्टि से सुरक्षित है।
**उत्तर**-(क) शहर में दंगे के समय कर्फ्यू लगा दी जाती है इसलिए इस दौरान कोई भी व्यक्ति को सुरक्षा कारणों से जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है इसमें किसी प्रकार के स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रतिबंध नहीं लगता है।
(ख) भारतीय संविधान में देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए सैनिकों को विशेष अधिकार दिए गए हैं। इसलिए रमेश एवं सुरेश को सैनिक दृष्टि से सुरक्षित इलाकों में सुरक्षा के लिहाज से जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इसमें किसी भी प्रकार के स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है न ही मौलिक अधिकारों का।


https://www.evidyarthi.in/